हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 15.9 डिग्री

12 सराय अहमद व मकड़ौली कलां में चलाया तोड़-फोड़...



12 ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने पीजीआई का किया भ्रमण...






Fresh Arrival
50% OFF
SAREE | SUITS | LEHENGA
stanmax
it's all about maximum
SONIPAT ROAD, ROHTAK
91262 90262
RUFF | U.S. POLO ASSN. | Barbie | VITAMINS | Levi's | madame | BIBA | Libas | BLACKBERRYS | BUGATTI | ColorPlus | GIVO | GUESS | KILLER | PARK AVENUE | parx | RARE RABBIT | GLOBAL REPUBLIC


## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों का प्रदर्शन सुबह 11 बजे
- मांगों को लेकर बिजली निगम के कर्मचारियों की बैठक
- सुबह 10 से 2 बजे तक सेक्टर-2 की रहेगी बिजली बाधित

## खबर संक्षेप

### ग्रेनेडियर्स एसोसिएशन की बैठक 15 मार्च को

**रोहतक।** ग्रेनेडियर्स एसोसिएशन के पूर्व सैनिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक 15 मार्च 2यको दोपहर 1 बजे हरियाणा एक्स-सर्विस लीग के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता लीग के प्रधान तथा मेजर एच. कसाहू करेंगे। बैठक में एसोसिएशन के सचिव द्वारा सरकार द्वारा संचालित पूर्व सैनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही यदि किसी पूर्व सैनिक को कोई समस्या है तो वह अपने मुद्दे अध्यक्ष के समक्ष रख सकता है।

गैस की कमी, लेकिन कालाबाजारी पूरी

# न सप्लाई, न स्टॉक, फिर भी 3 से 5 हजार में मिल रहा कमर्शियल सिलेंडर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत के बीच कालाबाजारी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ गैस एजेंसियों पर कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं, वहीं, दूसरी ओर जमाखोर होटल, ढाबों और मिष्ठान भंडारों तक महंगे दामों पर सिलेंडर पहुंचा रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि इन दिनों कमर्शियल सिलेंडर तीन से पांच हजार रुपये तक में बेचे जा रहे हैं। कई जगह घरेलू सिलेंडर से कमर्शियल सिलेंडर में गैस भरी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि एजेंसियों पर गैस उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं। खासकर होटल और ढाबा संचालकों को रोजाना खाना बनाने के लिए गैस की जरूरत होती है, ऐसे में उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता। कई होटल संचालकों ने बताया कि यदि गैस नहीं मिले तो उनका काम पूरी तरह ठप हो सकता है। क्योंकि सभी के पास इंडेक्शन लगाने और तंदूर जलाने की जगह नहीं है।

### होटल, ढाबों और मिष्ठान भंडारों तक महंगे दामों पर एलपीजी पहुंचा रहे जमाखोर




### ग्राहकों की शिकायत, घरेलू सिलेंडर में कम आ रही गैस

**जेब पर असर होटल ढाबों पर खाना अब महंगा**
कमर्शियल गैस की महंगाई का असर अब सीधे ग्राहकों की जेब पर पड़ने लगा है। शहर के अधिकतर होटल, ढाबों और रेस्तरां में खाने के दामों में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर दी गई है। होटल संचालकों का कहना है कि गैस महंगी मिलने के कारण उन्हें खाने के दाम बढ़ाने पड़े हैं, अन्यथा खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें गैस नहीं मिल पा रही।

**हो रहा धोखा सिलेंडरों से की जा रही छेड़छाड़**
उधर, ग्राहकों ने घरेलू गैस सिलेंडरों को लेकर भी शिकायतें शुरू कर दी हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें मिलने वाले सिलेंडरों में वजन कम होता है। लोगों का आरोप है कि गैस की कमी के बीच कुछ जगहों पर सिलेंडरों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है।

**व्यवस्था बिगड़ी आपूर्ति वितरण में हो रही गड़बड़ी**
सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब गैस एजेंसियों के गोदामों में कमर्शियल सिलेंडर नहीं हैं, तो बाजार में यह सिलेंडर आखिर कहां से आ रहे हैं। गैस की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था में कहीं न कहीं गड़बड़ी हो रही है, जिसके चलते कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है।


*हेल्पलाइन*
*किसी भी समस्या या अधिक कीमत वसूलने पर कंट्रोल रूम के फोन नंबर 01262-230401 पर संपर्क कर सकते हैं ग्राहक*

## होटल-ढाबों में प्रयोग हो रहे 17 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

▶▶ खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की कार्रवाई

▶▶ होटल व ढाबों पर औचक निरीक्षण

जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग रोहतक की टीम ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अवैध रूप से प्रयोग किए जा रहे 17 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए हैं। विभाग की टीम ने शहर के कई होटल, ढाबों और अन्य दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि कई प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जा रहा था। नियमों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग केवल घरेलू उपयोग के लिए ही किया जा सकता है, जबकि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अलग से कमर्शियल सिलेंडर लेना अनिवार्य होता है। निरीक्षण के दौरान टीम ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर घरेलू सिलेंडर जब्त कर लिए। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक हरिओम ने बताया कि घरेलू गैस की कालाबाजारी और कमर्शियल उपयोग को रोकने के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



---

*जिप की बैठक में हंगामा पार्षद को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा*

# ग्रांट को लेकर हुई बहस मारपीट में बदली

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

जिला परिषद में वीरवार को दो बार हुआ हंगामा वार्ड नंबर 13 के पार्षद सतीश की ग्रांट को लेकर हुआ। सतीश की 70-75 लाख रुपये की ग्रांट को उप प्रधान अनिल हुड्डा अपने वार्ड में खर्च करना चाहते थे। खर्च को लेकर सतीश को कोई आपत्ति नहीं थी। इस पर वार्ड नंबर 8 के पार्षद धीरज मलिक को थी। मलिक कहना था कि ग्रांट वितरण को लेकर जब कमेटी बनाई हुई है तो फिर उप प्रधान अनिल हुड्डा अपनी मनमर्जी कैसे चला सकते हैं। इसको लेकर ही अनिल हुड्डा और धीरज मलिक के बीच गाली गलौज, डंडे-लाठी चलने की नौबत आ गई। ध्यान रहे कि परिषद की अध्यक्ष मंजू हुड्डा के अलावा पूजा रानी, सीमा, नीलम, दीपिका और सुमन पार्षद हैं। ये चारों पार्षद उस समय हाउस में मौजूद थी। जब पार्षद महोदय एक दूसरे को गालियों का सम्मान दे रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने सदन के समक्ष चार एजेंडे रखे। इनमें पहला एजेंडा गत 2 मार्च को हुई मीटिंग के प्रस्तावों की पुष्टि करना था। दूसरे में टेंडर कार्यों की समीक्षा करने, वर्ष 2026 जेडपीडीपी प्लॉन को मंजूरी देने तथा चौथा व अंतिम प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से कोई भी पार्षद अपना एजेंडा रखने का था। सदन में सभी 14 पार्षद मौजूद रहे।

***हंगामे की जड़: सदन की सहमति से उप प्रधान अनिल हुड्डा अपने वार्ड में खर्च करना चाहते थे पार्षद सतीश की ग्रांट***

**ऐसे होते हैं जनप्रतिनिधि? | सदन में गुत्थम-गुत्था, बाहर भी मारपीट, लाठियां तक चलीं**







### धीरज मलिक ने जताई आपत्ति

- जिला परिषद की नियमित बैठक के दौरान विकास कार्यों की ग्रांट पर चर्चा चल रही थी
- आरोप लगा कि उपप्रधान अनिल हुड्डा पार्षद सतीश की ग्रांट को उधार लेने की बात कर रहे थे।
- इस पर पार्षद धीरज मलिक ने कड़ा विरोध जताया, दोनों में पहले तीखी बहस, धक्का-मुक्की शुरू हो गई। हॉल में ही लात-घूंसे चले
- बैठक खत्म होने के बाद पार्षद नीचे आए तो दोबारा से उप प्रधान और पार्षद धीरज डंडे और लठ ले आए, अन्य पार्षदों व अफसरों ने बीच-बचाव किया

### सदन की गरिमा यूं तार-तार

ऐसा नहीं है कि ग्रांट के इस्तेमाल और विकास कार्यों को लेकर पहली बार हंगामा हुआ हो। काफी समय तक कई पार्षदों के बीच असहमति चल रही थी। लेकिन पिछले कुछ समय से मामला शांत हो गया था। पार्षदों ने विकास भवन के बाहर धरना तक देना पड़ा था। इनकी उस समय मांग थी कि ग्रांट का एक समान वितरण किया जाए। ये मांग चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने स्वीकार की। इसके बाद बैठक में लगातार शांति रहती थी। लेकिन वीरवार को फिर से हंगामा बरपा।

### ये बोले उप प्रधान

पार्षद सतीश की ग्रांट उप प्रधान अनिल हुड्डा के वार्ड में खर्च की जाएगी। इसकी सदन ने अनुमति दे दी। इस मौके पर अनिल ने सतीश को आश्वासन दिया कि अगली बार उनके हिस्से की ग्रांट उन्हें दे दी जाएगी। ग्रांट को लेकर स्थिति तभी साफ होगी, जब मिटिंग के मिनट्स दर्ज कर दिए जाएंगे।

---

# नांदल बोले- जीतूंगा तो मैं ए

## रास चुनाव के लिए विधायकों से जुटा रहे समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और बोहर निवासी सतीश नांदल ने अपनी जीत को लेकर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विधायक अपनी अंतरआत्मा की आवाज पर मतदान करके मुझे समर्थन देकर राज्यसभा में प्रदेश की मजबूत आवाज भेजेंगे, इसलिए 'जीतूंगा तो मैं ए।'

नांदल ने बताया कि वह लगातार प्रदेश के सभी 90 विधायकों के संपर्क में हैं और उनसे व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर रहे हैं। उनका कहना है कि राज्यसभा चुनाव किसी एक दल का नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के हितों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में विधायक दलगत राजनीति से ऊपर उठकर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य हरियाणा की आवाज को संसद के उच्च सदन तक मजबूती से पहुंचाना है। युवाओं के रोजगार, किसानों की समस्याएं, उद्योगों के विस्तार और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को वह राज्यसभा में प्रभावी ढंग से उठाना चाहते हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए 16 मार्च को मतदान होना है। नांदल के मैदान में उतरने के बाद सियासी हलचल और तेज हो गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि क्रॉस वोटिंग की स्थिति बनी तो मुकाबला रोचक हो सकता है। नांदल ने कहा कि उन्हें सभी विधायकों का सकारात्मक समर्थन मिल रहा है। वे लम्बे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वे किलोई विस क्षेत्र से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ भी 3 बार चुनाव लड़ चुके हैं।

### निर्दलीय भरा है नामांकन



भाजपा से संजय भाटिया ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरा है जबकि कांग्रेस ने महम क्षेत्र निवासी कर्मबीर बौद्ध को उम्मीदवार बनाया है। सतीश नांदल ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भरा है।

---

## हरियाणा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में तीन नकलची दबोचे

- जिले में 10वीं कक्षा के विज्ञान विषय की परीक्षा में 9711 में से 9597 विद्यार्थी उपस्थित रहे
- जिले में 12वीं कक्षा के कृषि विषय के 17 व दर्शन विषय के दो विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वीरवार को 10वीं व 12वीं कक्षा की विज्ञान, कृषि व दर्शन विषयों की बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। जिले में 10वीं कक्षा के विज्ञान विषय की परीक्षा में 9711 विद्यार्थियों में से 9597 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 114 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में 12वीं कक्षा के कृषि विषय के 17 व दर्शन विषय के दो विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा में तीन नकलची पकड़े। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर आसान आया हुआ था। सभी प्रश्न एनसीआरटी से आए हुए थे। पेपर समय से पहले हो गया था। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकल रहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उड़नदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह आगामी 20 मार्च तक 10वीं कक्षा की परीक्षाएं तथा डीएलएड की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है।

---

**एज इज जस्ट ए नंबर**
एमएमए रिंग में दिखेगा असली रोमांच

# मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स फाइटर संग्राम सिंह की फाइट 17 साल छोटे फाइटर माटेओ मोंटेइरो से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


भारत के सबसे पहचान योग्य एमएमए खेल आइकन संग्राम सिंह पहली बार अर्जेंटीना की धरती पर कदम रखने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व प्रोफेशनल रेसलर से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स फाइटर बने संग्राम सिंह 5 अप्रैल को टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में आयोजित समुराई फाइट हाउस 28 के मुख्य मुकाबले में उतरेंगे। यह ऐतिहासिक क्षण होगा, क्योंकि पहली बार कोई भारतीय एमएमए फाइटर अर्जेंटीना की धरती पर प्रतिस्पर्धा करेगा। मदीना निवासी संग्राम का सामना उनसे उम्र में 17 साल छोटे फ्रांस के फाइटर माटेओ मोंटेइरो से होगा। एमएमए फाइट को लेकर संग्राम सिंह इन दिनों अपनी तैयारियों को अंजाम देने में जुटे हुए हैं।

संग्राम सिंह ने अपनी तैयारियों के बारे में बताया, मैं एमएमए में इस्तेमाल होने वाली कुश्ती, बॉकिसंग, किक बॉक्सिंग और युयुत्सू की ट्रेनिंग ले रहा हूं। प्रो रेसलिंग लीग में पंजाब रॉयल्स के कोच और डायरेक्टर भूपेश कुमार मुझे मॉडर्न रेसलिंग के गुर सिखा रहे हैं। लम्बे समय से साथ होने की वजह से वे मेरी ताकत और कमजोरियों से वाकिफ हैं और मेरे ग्रे एरियाज़ को वे मेरी ताकत बनाने में जुटे हैं।'

बॉक्सिंग और किक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग उन्हें एमएमए के ट्रेंड कोच सूरज धर्मान से मिल रही है, जो पिछले 12 वर्षों से कोचिंग की फील्ड में सक्रिय हैं। संग्राम सिंह का मानना है कि सूरज ने ही उन्हें किक और पंच से अटैक और साथ ही डिफेंस करना सिखाया। एमएमए में विपक्षी के खिलाफ चोक और लॉक करने की तकनीक भी काफी मायने रखती है। इसकी ट्रेनिंग उन्हें कपिल शर्मा के रूप में एक अनुभवी कोच दे रहे हैं। इस कला का जुजत्सू में खूब इस्तेमाल होता है। कपिल ने इस कला की बारीकियां ब्राजील में सीखीं और जर्मनी में ट्रेनिंग दी। शरीर में लचीलेपन के लिए उन्हें मुम्बई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हफ्ते में दो-तीन दिन जिम्नास्टिक कोच सुहास लोहार ट्रेनिंग देते हैं।

जिस दिन जिम्नास्टिक नहीं करते, उस दिन वे वेट ट्रेनिंग में अपने वेटलिफ्टिंग कोच और आर्मी में काम कर चुके प्रदीप तोमर के साथ सक्रिय रहते हैं। पंजाब रॉयल्स के ही फीज़ियो डॉक्टर मनोज अत्री से उन्हें मासपेशियों को राहत देने में मदद मिलती है।

### पाकिस्तान के फाइटर को 90 सेकंड में हराया था



संग्राम सिंह ने कहा कि पांच अप्रैल को होने वाली फाइट के लिए उनकी तैयारी सुबह सात बजे से शुरू हो जाती है। इस बार भी विपक्षी 17 साल छोटा है। वे खुद भी ग्रीकोरोमन शैली की कुश्ती के अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान रहे हैं। लम्बे समय तक नेशनल कैम्प में रहे। फिर पेशेवर रेसलिंग की। वहां से एक्टर, मॉडल, मोटिवेशनल स्पीकर का सफर तय करने के बाद वे इन दिनों एमएमए में अपनी तीसरी फाइट लड़ने जा रहे हैं। इससे पहले जॉर्जिया के शहर तिबस्ली में उन्होंने अपने से 15 साल छोटे रेसलर पाकिस्तान के अली रज़ा नासिर को केवल 90 सेकंड में शिकस्त दी थी और फिर अपनी दूसरी एमएमए फाइट में उन्होंने एम्सटर्डम में ट्यूनीशिया के हाकिम तराबेलसी को हराया था। वे कहते हैं कि जब से सरकार ने उन्हें फिट इंडिया आइकन बनाया है, तब से उनकी समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ गई है। वे योग और प्राणायाम से लोगों में जागरूक करने का प्रयास करते हैं।

---

## रोहतक में निजी अस्पताल के सामने हत्या के आरोप में नितिन गैंग के दो शॉर्प शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक के एक निजी अस्पताल के सामने 16 फरवरी को हुई गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीआईए-2 बहादुरगढ़ की टीम ने दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को बहादुरगढ़ सदर थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान नितिन पुत्र मनोज निवासी जसराना, जिला सोनीपत (हाल निवासी बालंद, रोहतक) और दीपक उर्फ टाइगर निवासी गांव बादली, जिला झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक-एक अवैध पिस्तौल और चार-चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डीसीपी क्राइम अमित दहिया के अनुसार आरोपी नितिन रोहतक अस्पताल गोलीकांड के साथ दिल्ली के बकरवाला में फायरिंग और गुरुग्राम के हीरो होंडा चौक स्थित बिग बॉयज टॉयज शोरूम के बाहर फायरिंग की घटना में भी शामिल रहा है। पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर गैंग के नेटवर्क और अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ करेगी।

## लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय ने 5 स्वर्ण व 1 कांस्य के साथ 27 अंक किए हासिल

# एमडीयू में अंतर-विश्वविद्यालय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय विजेता


रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यअतिथि कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत। फोटो :हरिभूमि

■ मेजबान मदवि ने 1 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर कुल 9 अंक किए हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने 2 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर कुल 28 अंक अर्जित किए और पहला स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने 5 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक के साथ 27 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता ने 2 स्वर्ण और 2 कांस्य पदकों के साथ 14 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मेज़बान महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की टीम ने 1 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर कुल 9 अंक अर्जित किए। प्रतियोगिता में देशभर के 24 विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर एमडीयू के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पदक एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल निदेशिका डॉ. शकुंतला बेनीवाल, सहायक खेल निदेशक डॉ. तेजपाल, विभिन्न टीमों के प्रशिक्षक तथा खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।

## वेटरन खिलाड़ी राष्ट्रीय एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए पंजाब रवाना

■ 14 से 16 मार्च तक पंजाब के तलवंडी साबो में आयोजित होगी प्रतियोगिता, 19 खिलाड़ी एमडीयू से हैं संबंधित


रोहतक। राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को संगठन के लोगो वाली टी-शर्ट प्रदान करते कुलसचिव डॉ कृष्णकांत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के वेटरन खिलाड़ियों को 45वीं राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए कुलसचिव डॉ कृष्णकांत ने वीरवार को विदाई दी और रवाना किया। यह प्रतियोगिता 14 से 16 मार्च तक पंजाब के तलवंडी साबो में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हरियाणा से लगभग 100 से अधिक खिलाड़ी जा रहे हैं, जिनमें से 19 खिलाड़ी एमडीयू से संबंधित हैं।

कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत से खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। इस अवसर पर सुरेश कौशिक (अध्यक्ष, नॉन-टीचिंग एसोसिएशन), गुलाब सिंह दलाल (महासचिव, हरियाणा वेटरन एथलेटिक एसोसिएशन) तथा संजीव सैनी भी मौजूद रहे। इस मौके पर हरियाणा वेटरन एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों को संगठन के लोगो वाली टी-शर्ट प्रदान की गई। साथ ही एक टी-शर्ट कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई।


रोहतक। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से शिष्टाचार भेंट कर स्वागत करते डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक, प्रोफेसर रामफूल ओहलान तथा रक्षा अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. योगिंदर। फोटो :हरिभूमि

### विवि प्रोफेसर प्रतिनिधि मंडल ने की भेंट

## कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से शिष्टाचार भेंट कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हाल ही में नियुक्त 11 प्रोफेसरों एवं एसोसिएट प्रोफेसरों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर रामफूल ओहलान तथा रक्षा अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. योगिंदर ने किया।
इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति से मुलाकात कर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने नव नियुक्त प्रोफेसरों एवं एसोसिएट प्रोफेसरों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे विश्वविद्यालय में उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण एवं शोध कार्यों के माध्यम से संस्थान की प्रतिष्ठा को और आगे बढ़ाएंगे।

### इनेलो नेता बलवंत मायना व नफे सिंह की अध्यक्षता में मंथन

## 23 मार्च की नरवाना रैली में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने पर जोर

■ बैठक में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित व जोड़ने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। आयोजित बैठक में इनेलो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट इंद्र सिंह ढुल व पूर्व विधायक बलवंत मायना का स्वागत करते जिला प्रधान नफे सिंह लाहली ,हलका प्रधान जय सिंह शिमली व अन्य । फोटो : हरिभूमि

नरवाना में 23 मार्च को होने वाली इनेलो की रैली की तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरूवार को जिला कार्यालय में बैठक हुई। पार्टी के कलानौर हलका के प्रभारी व इनेलो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट इंद्र सिंह ढुल इस बैठक में विशेष तौर पर पहुंचे। यह बैठक पूर्व विधायक बलवंत मायना तथा जिला प्रधान नफे सिंह लाहली की अध्यक्षता में हुई। हलका प्रधान जय सिंह शिमली ने बताया कि बैठक के दौरान 23 मार्च की नरवाना रैली को ऐतिहासिक व सफल बनाने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें पार्टी से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में राम भगदर लकड़ा (एक्स सर्विसमैन प्रधान), मास्टर मुख्तियार सिंह (ऑफिस सेक्रेटरी), जोगेंद्र पहलवान, सतबीर सेहरावत, सुरेंद्र भोला सुंदाना, आनंद राठी, एडवोकेट जगबीर डागर, संजू कोच आदि मौजूद रहे।

## एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी व सात स्वयंसेवक राज्य स्तर पर चयनित

■ एनएसएस गतिविधियों की सक्रियता व सामाजिक योगदान को दर्शाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विश्वविद्यालय के एक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी तथा सात एनएसएस स्वयंसेवकों का सत्र 2023–24 के लिए प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार हेतु चयन हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय में एनएसएस गतिविधियों की सक्रियता और सामाजिक योगदान को दर्शाती है।

राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनएसएस समन्वयिका प्रो. सविता राठी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में एनएसएस गतिविधियों को निरंतर सशक्त बनाया जा रहा हैं। चयनित कार्यक्रम अधिकारी में प्रो. डॉ. ऊषा दहिया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, छोटू राम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत शामिल हैं। वहीं चयनित एनएसएस स्वयंसेवकों में राहुल , आशीष, प्रियांशु , अपराजित सिंह , दक्षिता गुलिया , प्रियंका तथा मोनिका शामिल हैं। इन सभी ने एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रमों में योगदान दिया है।

### जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहा था विवाद

## सुडाना में जानलेवा हमला मामले में दो महिलाओं समेत तीन गिरफ्तार

■ रिमांड अवधि पूरी होने पर न्यायिक हिरासत में भेजे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के गांव सुडाना में प्रदीप और उसके परिवार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो महिला आरोपियों और एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद अब अदालत के आदेश पर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### 2 मार्च को किया था प्रदीप के परिवार पर हमला

थाना कलानौर प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में गांव सुडाना निवासी प्रदीप की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह विवाद जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहा था। प्रदीप के पिता गांव सुडाना के भांजे हैं और परिवार कई वर्षों से वहीं रह रहा है। पुलिस के अनुसार प्रदीप के पिता के नाना की करीब छह किले जमीन प्रदीप के हिस्से में आती है। इसी जमीन को लेकर दिलावर और उसके परिवार के साथ कई सालों से विवाद चल रहा था। कई बार दोनों पक्षों के बीच कहासुनी भी हो चुकी थी। घटना 2 मार्च 2026 की सुबह की है। उस दिन प्रदीप अपनी पत्नी, भाई और मां के साथ मोटरसाइकिल पर खेतों की ओर जा रहा था। जब वे सुबह करीब नौ बजे गांव में रविंद्र के मकान के सामने पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि दिलावर, श्रीभगवान, सज्जन, तजेबीर, दीपक और उनके अन्य साथियों ने तेजधार हथियारों और लाठी-डंडों से चारों पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से परिवार के लोग घायल हो गए। जांच के दौरान पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ की और साक्ष्य जुटाए। इसी कड़ी में पुलिस ने 11 मार्च को वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### मदवि में मेकेनिकल इंजीनियरिंग ब्लॉक में 64 यूनिट रक्त एकत्रित किया

## रक्तदान सबसे बड़ी सेवा : डॉ. कृष्ण कांत

■ युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। शिविर में रक्तदाता को सम्मानित करते कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत।

महर्षि दयानंद विवि के कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचा सकता है। वे महर्षि दयानंद विवि में यूथ रेड क्रॉस द्वारा मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्लॉक स्थित कार्यालय में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। यह रक्तदान शिविर हरियाणा के राज्यपाल एवं हरियाणा राज्य शाखा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सह-अध्यक्ष प्रो. असीम कुमार घोष के जन्मदिवस के अवसर पर लगाया गया। कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत ने कहा कि युवाओं में सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना जरूरी है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करते हैं और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रोहतक के जिला रेड क्रॉस सचिव विकास कुमार तथा समाजसेवी अनूप बंसल मधुकांत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। रक्त संग्रह के लिए कायनोस ब्लड सेंटर की टीम ने डॉ. युद्धवीर के नेतृत्व में सेवाएं दीं। शिविर का आयोजन प्रो. अंजू धीमान , प्रो. आशा शर्मा, डॉ. मीनू और डॉ. बिंदु रानी के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाते हुए 64 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान के महत्व पर विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से हम दुर्घटनाग्रस्त लोगों की मदद करके उनका जीवन बचा सकते है। रक्तदान दुनिया के सबसे महान कार्यों में से एक है। युवाओं को रक्तदान जैसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिससे समाज में जागरूकता फैल सकें।

### राज्यपाल असीम घोष के जन्मदिन पर रक्तदान कैंप का आयोजन

## हर तीन माह के बाद रक्तदान करने से शरीर रहेगा स्वस्थ: डॉ.एस के सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को बैज लगाते कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल।

पीजीआईएमएस के चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में गुरुवार को हरियाणा के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर असीम कुमार घोष के जन्मदिन पर यूथ रेड क्रॉस यूएचएस द्वारा एक रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंडित भगवत विद्या शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। डॉ अग्रवाल ने आमजन को संबोधित करते कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण कार्य है और हमें इसके लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल मरीजों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह हमारे समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण योगदान है। कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल ने कहा कि वे राज्यपाल और विवि के कुलाधिपति प्रोफेसर असीम कुमार घोष को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। हम उनके जन्मदिवस पर रक्तदान कैंप का आयोजन करके गर्व महसूस कर रहे हैं। डॉ गजेंद्र ने बताया कि कैंप में करीब 82 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### आभार जताया

कुलसचिव डॉक्टर रूप सिंह ने कहा कि यह रक्तदान कैंप विवि के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। कहा कि रक्तदान करने वाले लोगों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है और हमें इसके लिए आगे आना चाहिए। कहा कि विवि रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहा है। निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने बताया कि ब्लड बैंक विभाग अध्यक्ष डॉ गजेंद्र सिंह द्वारा जो ये कैंप आयोजित करवाया गया है इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। कहा कि हमें हर तीन माह के बाद रक्तदान करते रहना चाहिए इससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। डॉक्टर सिंघल ने कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है और हमें इसके लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्थान मरीजों के लिए रक्त की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

■ आईबी स्कूल में ओपन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और बच्चों में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से आईबी विद्यालय द्वारा "ओपन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता" का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के मुख्य परिसर गोहाना रोड में किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों को अलग-अलग तिथियों पर आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसमें भाग ले सकें। प्रतियोगिता की शुरुआत 15 मार्च को अंडर-11 वर्ग के लिए योग और शतरंज प्रतियोगिता से होगी। इसके बाद 22 मार्च को अंडर-11 वर्ग के लिए बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं 29 मार्च को अंडर-11 तथा अंडर-13 वर्ग के खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों और खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित होता है। साथ ही यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय की ओर से अधिक से अधिक खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कार्यक्रम | वार्ड में भर्ती बच्चों के लिए खाना और खिलौने वितरण कार्यक्रम में बोले डॉ. एच. के. अग्रवाल

# नन्हें मासूमों की खुशी के लिए कुछ न कुछ कार्य अवश्य करें

■ समाज सेवा से जुड़कर देश और समाज की भलाई के लिए कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बच्चे बहुत ही मासूम होते हैं और उन्हें थोड़ा सा भी प्यार बहुत सुकून देता है। हमारे यहां कहावत भी है कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं और बच्चों के हित के लिए किया गया कोई भी कार्य भगवान की सेवा की तरह ही होता है। हमें हमेशा प्रयास करना चाहिए कि हम नन्हे मासूमों की खुशी के लिए कुछ न कुछ कार्य अवश्य करें। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल का। वें गुरुवार को वार्ड 14 में किंग्स कॉलेज इंडिया की रोटरी इंटरेक्ट यूथ टीम द्वारा वार्ड में


रोहतक। नन्हे बच्चों के लिए खाना और खिलौने वितरण करते कुलपति डॉ एच के अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

भर्ती नन्हे मासूम बच्चों के लिए खाना और खिलौनों के वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों और आमजन को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने कहा कि युवा शक्ति की एक नई मिसाल पेश करते हुए, रोटरी इंटरैक्ट यूथ ऑफ किंग्स कॉलेज इंडिया ने पीजीआईएमएस के पेडियाट्रिक्स विभाग में खाना और खिलौना दान कार्यक्रम का आयोजन करके बेहतरीन कार्य किया है। इस पहल ने समाज में एक प्रेरणा का संदेश दिया है कि युवा शक्ति के साथ, हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। डॉ एच के अग्रवाल ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं, और हमें उनकी देखभाल और शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यह देखकर बहुत खुशी होती है कि युवा लोग समाज सेवा के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि सभी इस प्रकार की कोई ना कोई समाज सेवा से जुड़कर देश और समाज की भलाई के लिए कार्य करें।

### पहल की प्रशंसा

चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल ने कहा, हम रोटरी इंटरैक्ट यूथ ऑफ किंग्स कॉलेज इंडिया की इस पहल की प्रशंसा करते हैं। यह युवा शक्ति की जीत है और समाज में एक प्रेरणा का संदेश है। हम उनके साथ मिलकर और भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तैयार हैं। इस कार्यक्रम में सूची जैन, साहिल अरोड़ा और करीना अरोड़ा का सहयोग रहा। क्लब के अध्यक्ष सोनिका जैन और सदस्यों मायरा सिंह, नियति गुप्ता, अर्नव हुड्डा, अर्शिया जैन और इनिया बंसल ने अपने फंडराइजर से जुटाए गए करीब 12000 की राशि से बच्चों के लिए खाने व खिलौनों का दान किया।

### ये रहे मौजूद

सूची जैन ने बताया कि बच्चों की यह पहला संदेश देती है कि यदि बच्चे भी समाज के लिए कुछ करने की सोच रखते हैं तो हम बड़ों को तो उनसे प्रेरणा लेते हुए इस प्रकार के अनेक कार्य करते रहने चाहिए जिससे हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब रोहतक नेक्स्ट के अध्यक्ष साहिल अरोड़ा ने यह प्रोजेक्ट करने में सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ अल्का यादव सहित शिशु रोग विभाग के कई चिकित्सक उपस्थित थे।

## मदवि कैंपस के हॉस्टलों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, विद्यार्थी परेशान

# छात्रावास बदहाल : छात्र टूटे नल और गंदगी के बीच रहने को मजबूर

**लड़कों के हॉस्टल नंबर 5, 8 और 9 की स्थिति बहुत दयनीय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के छात्र इन दिनों कैंपस के हॉस्टलों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। विशेष रूप से लड़कों के हॉस्टल नंबर 5, 8 और 9 की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है, जिससे छात्रों को काफी परेशानी हो रही है।

हॉस्टल नंबर 5 के छात्रों का कहना है कि वॉशरूम की स्थिति काफी खराब है। कई वॉशरूम में पानी के नल टूटे हुए हैं, तो कई जगह नल ही गायब हैं। इसके अलावा, वॉश बेसिन के शीशे (मिरर) भी टूट चुके हैं, जिससे दैनिक कार्यों में दिक्कत आ रही है। हॉस्टल में वाई फाई भी अच्छे से नहीं चलता है, एक दो फ्लोर पर तो चलता ही नहीं है। बिजली के बोर्ड भी टूटे हुए है। जिससे किसी भी छात्र के साथ दुर्घटना हो सकती है।

हॉस्टल नंबर 8 में पिछले कई दिनों से सफाई व्यवस्था ठप पड़ी थी, जिसके कारण चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ था। छात्रों ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को बार-बार बोलने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। हालांकि, वीरवार दोपहर बाद कुछ वॉश बेसिन तो साफ किए गए, लेकिन अधिकांश वॉशरूम अब भी गंदगी से भरे हुए हैं और इस्तेमाल करने लायक नहीं हैं।

हॉस्टल नंबर 9 की बताई जा रही है। यहां टॉयलेट की सीटें टूटी हुई हैं। ग्राउंड फ्लोर पर ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह जाम होने (लैटरिंग रुकने) के कारण छात्र उनका प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरी में छात्रों को दूसरे फ्लोर के वॉशरूम का सहारा लेना पड़ रहा है।

- छात्रों ने बताया कि सफाई कर्मचारियों से बार-बार गुहार के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती

**ब्वॉयज हॉस्टल नंबर 9**





**हॉस्टल नंबर 5**



**हॉस्टल आठ में गंदगी भरा वॉशरूम और टूटा हुआ नल**

### जाना पड़ता है दूसरे फ्लोर के वॉशरूम में



हॉस्टल नंबर 9 में टॉयलेट करने वाली सीट बिल्कुल टूटी हुई है। ग्राउंड फ्लोर पर ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह जाम होने (लैटरिंग रुकने) के कारण छात्र उनका प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण दूसरे फ्लोर के वॉशरूम में जाना पड़ता है। -गौरव

### वॉशरूम के शीशे गायब



हॉस्टल पांच में सफाई तो हो जाती है, लेकिन पानी के नल टूटे हुए है। इसके अलावा पिछले काफी समय से वॉश बेसिन के शीशे नहीं है। कुछ वॉशरूम में शीशे है, लेकिन साफ दिखाई नहीं देता है। बिजली के बोर्ड भी टूटे हुए है। जिससे किसी भी छात्र के साथ दुर्घटना हो सकती है। -आयुष

### कई दिनों से नहीं हो रही सफाई



हॉस्टल आठ में पिछले कई दिनों से सफाई नहीं हो रही थी। वीरवार को केवल कई दिनों से रुके वॉश बेसिन की ही सफाई की और जगह की अच्छे तरीक से नहीं की है। -अजय

### मिन्नतों के बाद काम चलाऊ सफाई की



हॉस्टल आठ में सफाई कर्मचारी को कई बार सफाई के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने सफाई नहीं की। मिन्नतें करने के बाद वीरवार को काम चलाऊ सफाई की है। कुछ वॉशरूम की तो सफाई ही नहीं की है। कोई भी छात्र उनका प्रयोग नहीं कर सकता है। -दीपक

### विवि प्रशासन हर समय विद्यार्थियों के हित के लिए करता है कार्य

हॉस्टल नंबर 6 की सूचना मेरे पास आई थी। एक्शन ब्रांच को इसकी सूचना दे दी है जल्द ही कार्य पूरा कर दिया जाएगा। हॉस्टल पांच, आठ और 9 की किसी तरह की शिकायत नहीं आई है। अगर इन हॉस्टल में समस्या है तो जल्द ही दूर किया जाएगा। विवि प्रशासन हर समय विद्यार्थियों के हित के लिए कार्य करता है।

-डॉ. सुधीर, चीफ वार्डन, एमडीयू

## बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, संस्कार वैली में जांचीं बसें



- संस्कार वैली स्कूल पटवापुर में बसों की जांच, ड्राइवरों को सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने स्कूल वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा स्कूल बसों और अन्य वाहनों की नियमित चकिंग की जा रही है, ताकि बच्चों की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और नियमों के अनुरूप हो सके।

इसी कड़ी में प्रभारी यातायात पश्चिम निरीक्षक जसबीर सिंह और सब-इंस्पेक्टर राजेश कुमार की टीम ने संस्कार वैली पब्लिक स्कूल, पटवापुर में स्कूल वाहनों की गहन जांच की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने स्कूल बसों और अन्य वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। बस चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस भी चेक किए गए और यह सुनिश्चित किया गया कि वे वैध और नियमों के अनुरूप हों। इसके अलावा वाहनों में बच्चों की सुरक्षा से जुड़े जरूरी उपकरणों की भी बारीकी से जांच की गई। यातायात पुलिस ने बस ड्राइवरों और उनके सहायकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्कूल बस चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए और उसे वाहन चलाने का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए। स्कूल बस में एक सहायक का होना भी जरूरी है।

### वाहन पूर्णतः फिट हों

प्रभारी यातायात पश्चिम निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा स्कूल वाहनों की चेकिंग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कई बार लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं हो जाती हैं, इसलिए यह जरूरी है कि सभी स्कूल संचालक और वाहन चालक नियमों का पालन करें। उन्होंने बताया कि स्कूल बसों में सभी जरूरी सुरक्षा उपकरण होना अनिवार्य है। इनमें सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस सिस्टम, अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी और स्पीड गवर्नर जैसे उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि वाहन पूरी तरह से फिट हो और तकनीकी रूप से सही स्थिति में हो ताकि रास्ते में किसी तरह की परेशानी न आए।

## नगर निगम आयुक्त ने सेक्टर-2, 3 व 14 के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

- किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी



रोहतक। विकास कार्यों का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगम अधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। सेक्टर-2, सेक्टर-3 व सेक्टर-14 क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता, सड़कों की मोटाई, लेवलिंग तथा सड़कों के निर्माण कार्य की प्रक्रिया का विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही कार्यों की प्रगति, तकनीकी मानकों के पालन तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय की स्थिति का भी गहनता से अवलोकन किया गया। डा. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार और तय समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। मौके पर अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि विकास कार्यों की नियमित रूप से निगरानी की जाए और जहां भी किसी प्रकार की कमी या खामी पाई जाए, उसे तुरंत दूर किया जाए। नगर निगम क्षेत्र में सड़क, नाले, जल निकासी तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है, ताकि शहर के नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता शांत सुहाग, तरूण कुमार, मंदीप सिंह, कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़, विशाल खेड़ा, देवेन्द्र बेनिवाल, वरूण मलिक इत्यादि उपस्थित रहे।

## सैन समाज ने पूर्व निदेशक मुख्तार सिंह के निधन पर जताया शोक

- समृद्ध सामाजिक विरासत छोड़ गए अपने पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सूर्य कवि बाजे भगत स्मारक में सैन समाज के वयोवृद्ध नेता एवं हरको बैंक, वन्य प्राणी विभाग तथा खादी ग्राम उद्योग के पूर्व निदेशक स्वर्गीय मुख्तार सिंह नाई के आकस्मिक निधन पर एक भावपूर्ण शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा की अध्यक्षता सैन समाज के वरिष्ठ नेता चौधरी खजान सिंह बरहाना ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि स्वर्गीय मुख्तार सिंह नाई का जन्म 1 जनवरी 1947 को गांव मुंडाल में हुआ था और 10 मार्च 2026 को गांव मुंडाल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली।

अपने पीछे वे अपने तीन सुपुत्र सुनील, सतीश और मुकेश सहित एक समृद्ध सामाजिक विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्तार सिंह नाई का संपूर्ण जीवन समाज सेवा, सादगी और जनहित के कार्यों के लिए समर्पित रहा। वे देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल की विचारधारा और जनकल्याणकारी नीतियों से गहराई से प्रेरित थे। उनकी निष्ठा, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें कई महत्वपूर्ण विभागों में निदेशक के रूप में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सैन समाज 84 खाप के प्रधान प्रदीप सैन मंडावर, ट्रस्ट के प्रधान सुरेश राणा, सतबीर चांदोलिया, जय सिंह मोखरा, उम्मेद सिंह, महेंद्र राणा, श्रीपाल राणा, धर्मबीर मकडोली, महेंद्र बडबरिया, श्याम मकडोली, सुनील मंडावर, रवि रठधनिया सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**रोहित धनखड़ हत्याकांड**

## परिवार के लिए आर्थिक सहायता की अपील एसपी से मिला पंचायत का प्रतिनिधिमंडल

- अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर और छह बार के राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता थे मुख्य सहारा, मां रह गई अकेली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर और छह बार के राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता स्व. रोहित धनखड़ की हत्या को तीन महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक उनके परिवार को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं मिल पाई है।

रोहित अपने परिवार का मुख्य सहारा था और उसके निधन के बाद उसकी मां सरोज देवी लगभग अकेली रह गई हैं। रोहित के पिता का भी छह वर्ष पहले निधन हो चुका था, इसलिए पंचायत प्रतिनिधियों और परिवार ने समाज से आर्थिक सहयोग की अपील की है। परिवार की सहायता के लिए रोहित की मां सरोज देवी का बैंक खाता और क्यूआर कोड सार्वजनिक किया गया है, ताकि जो भी व्यक्ति मदद करना चाहे वह सीधे आर्थिक सहयोग कर सके। इसी मामले को लेकर ग्राम पंचायत, ग्रामीण प्रतिनिधियों और रोहित धनखड़ के परिवार के सदस्यों ने के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया से मुलाकात की।

### मां को रोजगार देने की मांग

एसपी ने बताया कि मामले में 10 मार्च को अदालत में चार्जशीट पेश कर दी गई है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ने रोहित की मां के लिए रोजगार और आर्थिक सहायता देने की मांग भी रखी। पंचायत ने रोहित धनखड़ की स्मृति में गांव में एक खेल स्टेडियम या खेल अकादमी बनाने की मांग भी उठाई।

**बेदखली सूचना**

मै सतीश कुमार पुत्र श्री कृष्ण निवासी वार्ड नं. 1, खेड़ी सांपला, जिला रोहतक अपने हल्फ से ब्यान करता हूं किमेरा लडका सुरेन्द्र और उसकी पत्नी रितिका मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है, इसलिए मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्यों व लेन देन व किसी प्रकार के कानूनी व गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगें। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शिविर में 100 लोगों ने करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर पालिका में शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। डाक्टर बिजेंद्र डबास, दंत चिकित्सक डॉक्टर सुजाता, डॉक्टर गोविंद दीपक, प्रदीप की टीम ने जांच की। जिसमें करीब 100 लोगों अपने स्वास्थ्य की जांच कराने पहुंचे।

ज्यादातर मरीज मौसमी बीमारी से पीड़ित पाए गए। इसके अलावा दांतों व आंखों के मरीजों की भी जांच की गई। मरीजों को दवाइयां दी गई और मौसमी बिमारियों से बचाव संबंधि जानकारी दी गई।



## एमडीयू की महिला और पुरुष टीमें प्रतियोगिता के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विवि. रोहतक की ताइक्वांडो की महिला और पुरुष वर्ग की टीमें वीरवार को अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के लिए रवाना हुई। एमडीयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत तथा खेल निदेशिका डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने खिलाड़ियों को रवाना करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

महिला टीम अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए उड़ीसा रवाना हुई, जबकि पुरुष टीम पंजाब के जालंधर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गई है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने खिलाड़ियों को पूरी लगन और अनुशासन के साथ खेलते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। टीम के कोच डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि एमडीयू की टीम पिछले 15 वर्षों से ऑल इंडिया स्तर की प्रतियोगिताओं में लगातार स्थान प्राप्त करती आ रही है और टीम के लगभग 10 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खेल चुके हैं।

महिला टीम में महक, टीना, दीक्षा, खुशी, अर्चिका, मान्या, रिद्धिमा, ज्योति, हर्षिद्धि, गीता, ऋतु, शहनाज परवीन, खिनसान वांगसू, दिव्या, आशा और संजना शामिल हैं। वहीं पुरुष टीम में रुद्राक्ष, साहिल, पुलकित, आर्यन, विशु, देव यादव, पियूष, प्रियंशु, सूर्यनारायणन, आर्यन, यश, जय, सोनम, आकाश कुमार राम, दुष्यंत और शांतनु शामिल हैं।

## महम में गैस की बिल्कुल कमी नहीं अफवाहों पर ध्यान न दें : एसडीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एसडीएम विपिन कुमार ने कहा कि उपमंडल क्षेत्र में रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। सभी गैस एजेंसियों के पास सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है तथा उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है।

साथ ही गैस वितरण व्यवस्था की उपमंडल स्तर पर लगातार निगरानी भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आज एसडीएम कार्यालय में उपमंडल क्षेत्र में कार्यरत गैस एजेंसियों के संचालक व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए गए कि गैस वितरण प्रणाली को पारदर्शी व व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध करवाई जाए। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) विपिन कुमार ने कहा कि नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें।

**TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार**

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

**MANSAROVER HOSPITAL**
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीड़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC

के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

जय श्री बाला जी महाराज
**SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE**
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान। सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
**DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)**
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
**DIPLOMA IN PHARMACY**
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60 दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में। 5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़:- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

**Job Vacancy**
**Gulmarg Ice Cream**
Delhi Bypass Road, Rohtak
- Helper
- Driver
- Sales & Marketing (2-Wheeler Compulsory)
- Clerk

8901084350, 9416087350

## स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ में तीन व्यक्तियों ने ली दीक्षा, आर्य समाज को मिले नए जीवनदानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम टिटौली में आयोजित 19वें बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के आठवें दिन आर्य समाज को तीन नए जीवनदानी प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश ने दीक्षा प्रदान करते हुए एक संन्यासी तथा दो वानप्रस्थियों को आर्य समाज को समर्पित किया। दीक्षा के उपरांत नए संन्यासी का नाम स्वामी आनंदवेश रखा गया, जबकि अन्य दो जीवनदानियों को महात्मा शांतिमुनि और महात्मा ज्ञान भिक्षु के रूप में समाज सेवा के लिए समर्पित किया गया। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि जीवनदानी किसी भी संगठन की मजबूत नींव होते हैं और संन्यासी समाज के मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज को समर्पित, विद्वान और तपस्वी व्यक्तित्वों की अत्यंत आवश्यकता है, जो वैदिक विचारधारा के माध्यम से समाज को सही दिशा प्रदान कर सकें। कार्यक्रम में आचार्य वेदमित्र ने कहा कि मनुष्य को प्राणी मात्र के प्रति मित्रभाव से व्यवहार करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### डॉ. हरबीर राठी ने सफल जीवन पर दिया व्याख्यान

**रोहतक।** जाट कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों के लिए फिटनेस, व्यक्तित्व विकास और खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत जुम्बा इंस्ट्रक्टर जितेंद्र कुमार द्वारा कराई गई जुम्बा क्लास से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। द्वितीय सत्र में डॉ. हरबीर सिंह राठी ने "सफल जीवन कैसे जिएं" विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भाईचारे की मजबूती ही समाज का आधार है और विद्यार्थियों को धन का सदुपयोग करना चाहिए।

### हिसार यूनिवर्सिटी में कृषि मेला 23 व 24 मार्च को

**रोहतक।** कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक की संयोजक डॉ. मीना सिवाच ने बताया कि 23 और 24 मार्च को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार में कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस कृषि मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की नवीनतम किस्मों, उन्नत कृषि तकनीकों, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण तथा कृषि यंत्रीकरण से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना है। मेले के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को धान, कपास, बाजरा, दलहन एवं तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों और वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

### मतदाताओं की आपत्ति व दावे का किया समाधान

**सांपला।** गुरुवार को निर्वाचन आयोग की तरफ से नगर पालिका में मतदाता सूची को लेकर लोगों की आपत्ति व दावों की सुनाई की गई। शुक्रवार को ड्रॉप आउट लिस्ट जारी की जाएगी। अगर लिस्ट को लेकर किसी को आपत्ति होगी तो वह जिला उपयुक्त को अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। नगरपालिका चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को 16 वार्डों में बाटा गया है। आयोग ने तैयार की गई की सूची को लेकर मतदाताओं को 7 मार्च तक आपत्ति दर्ज करने का समय दिया था। सैंकड़ों लोगों ने तैयार की गई मतदाता सूची को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी। जिनकी गुरुवार को प्रशासन ने सुनाई की। सुबह 10:30 बजे मतदाता नगर पालिका कार्यालय में पहुंचने शुरू हो गए थे।

## गंभीर मामलों में काटा भी जा सकता है बिजली कनेक्शन

# बिजली चोरी रोकने के लिए निगम हुआ सख्त, सात टीमों का गठन

**ओवरलोड वाले क्षेत्रों में देर रात छापेमारी, चोरी पकड़े जाने पर लगेगा भारी जुर्माना**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शहर में बढ़ती बिजली चोरी और ओवरलोड की समस्या को रोकने के लिए बिजली निगम ने सख्ती बढ़ा दी है। बिजली निगम ने इसके लिए सात विशेष टीमों का गठन किया है, जो शहर के ओवरलोड प्रभावित क्षेत्रों में जाकर छापेमारी करेंगी। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य बिजली चोरी पर लगाम लगाना और ओवरलोड की समस्या को नियंत्रित करना है ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार शहर के कई क्षेत्रों में बिजली की खपत निर्धारित क्षमता से अधिक हो रही है। जांच में सामने आया है कि कई उपभोक्ता बिजली मीटर के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं या अवैध कनेक्शन के माध्यम से बिजली का उपयोग कर रहे हैं। इसके कारण बिजली लाइनों पर ओवरलोड की स्थिति बन जाती है, जिससे ट्रांसफार्मर और बिजली उपकरणों के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है।



### टीमों में जेई, लाइनमैन व अन्य कर्मचारी शामिल

इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए बिजली निगम ने सात अलग-अलग टीमों का गठन किया है। इन टीमों में जेई, लाइनमैन और अन्य तकनीकी कर्मचारियों को शामिल किया गया है। सभी टीमों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि पूरे शहर में प्रभावी तरीके से जांच अभियान चलाया जा सके।

### विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अचानक करेगी छापेमारी

बिजली निगम की टीम देर रात शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अचानक छापेमारी करेगी। अधिकारियों का कहना है कि कई बार बिजली चोरी रात के समय ज्यादा की जाती है, इसलिए रात में जांच करने से ऐसे मामलों को पकड़ना आसान होता है। टीम उन इलाकों पर विशेष नजर रखेगी जहां बिजली का लोड अधिक होने की शिकायत मिल रही है या जहां पर मीटर रीडिंग और वास्तविक खपत में अंतर पाया गया है।

### मीटरों की जांच की जाएगी

छापेमारी के दौरान टीम बिजली मीटरों की जांच करेगी और यह देखा जाएगा कि कहीं मीटर के साथ छेड़छाड़ तो नहीं की गई है। यदि किसी उपभोक्ता के यहां बिजली चोरी या ओवरलोड का मामला पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर बिजली कनेक्शन भी काटा जा सकता है।

### घंटों तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा

एसई बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि बिजली चोरी के कारण न केवल निगम को आर्थिक नुकसान होता है बल्कि इसका असर आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ता है। ओवरलोड के कारण कई बार ट्रांसफार्मर फुंक जाते हैं और बिजली सप्लाई बाधित हो जाती है। इससे लोगों को घंटों तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को जागरूक करना भी है। निगम ने लोगों से अपील की है कि वे बिजली का उपयोग नियमों के अनुसार करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि से बचें। यदि किसी क्षेत्र में बिजली चोरी की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत निगम को दी जाए।

### बिजली चोरी करने वाले को होगा नोटिस जारी

एसई ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं के यहां ओवरलोड पाया जाएगा, उन्हें भी नोटिस जारी किया जाएगा। ऐसे उपभोक्ताओं को अपने कनेक्शन की क्षमता बढ़ाने के लिए कहा जाएगा ताकि बिजली व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव न पड़े। बिजली निगम द्वारा शुरू किए गए इस विशेष अभियान से शहर में बिजली चोरी के मामलों में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। निगम के अधिकारी लगातार निगरानी रखेंगे और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी ऐसे अभियान चलाए जाएंगे।

# ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने पीजीआई का किया भ्रमण, संस्थान की कार्यप्रणाली जानी

- अधिकारियों ने पीजीआई में कम्युनिटी मेडिसिन, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन और पब्लिक हेल्थ के बारे में जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) में गुरुवार को नवनियुक्त 8 ट्रेनी आईएएस अधिकारियों को विभिन्न विभागों का भ्रमण किया और संस्थान की कार्यप्रणाली के बारे में जाना। इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर एसके सिंघल ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह ट्रेनिंग उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे उन्हें अपने भविष्य में बेहतर काम करने में मदद मिलेगी। इस दौरान विभागों के कामकाज, सुविधाओं और चुनौतियों के बारे में विस्तार से समझाया गया।



रोहतक। नवनियुक्त ट्रेनी आईएएस अधिकारियों को सम्मानित करते निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल। फोटो :हरिभूमि

### इन मामलों की ली जानकारी

ट्रेनी आईएएस अधिकारियों को पीजीआईएमएस के विभिन्न विभागों जैसे कि कम्युनिटी मेडिसिन, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, और पब्लिक हेल्थ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें इन विभागों के कामकाज, सुविधाओं और चुनौतियों के बारे में विस्तार से समझाया गया। डॉ सिंघल ने कहा कि आईएएस अधिकारियों को ट्रेनिंग देने का उद्देश्य उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी देना और उन्हें अपने भविष्य में बेहतर काम करने के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों को सरकार व आम जनता के बीच समन्वय स्थापित करते हुए जनता के कार्य समय पर करने चाहिए ताकि जनता को कोई परेशानी ना आए। उन्होंने कहा कि हमें जमीन स्तर पर ज्ञान प्राप्त करके कार्य प्रणाली की अच्छी तरह से जानकारी होगी तभी हम इसका फायदा आमजन को उपलब्ध करवा पाएंगे। डॉ एस के सिंघल ने कहा कि हमें सरकार की सुविधाओं को हर व्यक्ति तक उपलब्ध करवाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी आईएएस अधिकारियों को भगवत गीता भेंट करते हुए सदैव उससे प्रेरणा लेने की सलाह दी वहीं उन्हें अंगदान के लिए प्रेरित करने वाले कैलेंडर भी दिए।

# वार्ड नंबर 2 व 4 में आयुक्त ने जांची सफाई व्यवस्था मौके पर अधिकारियों को दिए अधिक सुधार के निर्देश

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि आज शहर में सफाई व्यवस्था की जांच के लिए वार्ड नंबर 2 व 4 वार्ड का निरीक्षण सम्बन्धित वार्ड सदस्यो के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सड़कों, गलियों, नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से सफाई कार्य करने, कूड़े के समय पर उठान तथा कहीं भी कूड़ा इकट्ठा न होने देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नालो की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के लिए संबंधित एजेंसियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जीन्द रोड़ क्षेत्र, हिसार रोड़ का भी दौरा किया गया। वार्ड नं 4 की वार्ड सदस्य रिंकू ने अवगत करवाया कि माता दरवाजा से जीन्द चौक तक नाला टूटा



रोहतक। आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा से बातचीत करते पार्षद।

हुआ है जिस कारण सड़क पर गंदा पानी आ जाता है। जिस बारे मौके पर उपस्थित सहायक अभियंता को निर्देष दिए गए कि जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से नाले की मुरम्मत (रिपेयर) का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए, ताकि सड़क पर जलभराव की समस्या न हो सके।

# छात्रों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

- पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने युवाओं को बताए नशे के दुष्प्रभाव, हेल्पलाइन नंबर भी किया साझा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने महम स्थित आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया और उन्हें इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति टीम के सदस्यों ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि यह उसके भविष्य को भी बर्बाद कर देता है।

नशा मुक्ति टीम के सदस्य सब-इंस्पेक्टर मोहन के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के विभिन्न प्रकारों और उनसे होने वाले शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो धीरे-धीरे व्यक्ति को अंदर से खोखला बना देती है और उसकी जिंदगी पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालती है।

### नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक होना चाहिए

सब-इंस्पेक्टर मोहन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में हर युवा को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक होना चाहिए और इस बुराई के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़नी चाहिए।

### नशे के कारण युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा

उन्होंने बताया कि आज के समय में कई युवा मनोरंजन या साथियों के दबाव में आकर नशे की शुरुआत कर देते हैं। शुरुआत में यह एक शौक के रूप में होता है, लेकिन धीरे-धीरे यह उनकी आदत बन जाती है। जब व्यक्ति नशे का आदी हो जाता है तो वह इससे बाहर निकलना चाहता हुए भी आसानी से नहीं निकल पाता। उन्होंने यह भी बताया कि नशे की लत के कारण कई युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर चला जाता है।

# ग्रामीण विकास पर सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कांग्रेस की खोली पोल

- सीएलयू के नाम पर कांग्रेस ने देहात को लूटने का काम किया, प्रधानमंत्री मोदी ने हर गांव में हर घर को दी पक्की छत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने संसद में ग्रामीण विकास पर बोलते हुए जमकर कांग्रेस की धज्जियां उड़ाई। सांसद रामचंद्र जांगडा ने कहा कि किस प्रकार कांग्रेस की सरकार के दौरान कांग्रेस के लोग सीएलयू के नाम पर देहात की जमीन लूटा करते थे। पहले जमीन पर सेक्शन लगा देते फिर बिल्डरों को बेच देते और जमीन सस्ते दामों में खरीद कर फिर सेक्शन हटा देते और जमीन करोड़ों मे बेच देते। सांसद जांगडा ने सरकारी दामाद का जिक्र करते हुए कहा कि किस प्रकार 60 लाख की एक कम्पनी एक महीने में 60 करोड़ की हो गई जिस पर कांग्रेस के सांसद भड़क गए। इस पर सांसद रामचंद्र जांगडा ने कहा कि मैंने किसी का नाम नहीं लिया। सांसद यही नहीं रुके उन्होंने बताया कि 14 सितंबर 1949 को तत्कालीन प्रधानमंत्री ने 15 वर्षो तक अंग्रेजी भाषा को लागू करने का निर्णय लिया जो देहात के लिए सबसे बड़ा धोखा था और ग्रामीण विकास में सबसे बड़ी बाधा बना।

यदि यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में स्थानीय भाषा को लागू किया जाता तो गांव देहात के बच्चे भी आईएएस और आईपीएस होते क्योंकि देहात में प्रतिभा बहुत थी परंतु भाषा बहुत बड़ी बाधा थी। सांसद ने कहा की कांग्रेस ने हमेशा किसानों और ग्रामीणों का शोषण किया। सांसद जांगडा ने कहा की किस प्रकार कांग्रेस राज में किसान अगर लोन की एक किस्त नहीं भर पाता तो उसे बिना किसी सुनवाई के 42 दिन तक बंदी प्रतिरक्षण कानून के तहत हवालात में बंद कर दिया जाता लेकिन केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में जब राजनाथ कृषि मंत्री बने उस कानून को खत्म किया गया और साधारण ब्याज पर किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की। ये था ग्रामीण विकास। उन्होंने कहा आज हरियाणा सरकार की किसान हितैषी नीति के कारण हरियाणा का किसान खुसहाली का जीवन जी रहा है। पहले लोन से ट्रैक्टर लेने वाला देहाती आज नगद दाम देकर ट्रैक्टर खरीदता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीण जीवन सुधारा

सांसद ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की नीतियों पर जमकर हमला बोला और कहा कि पहले ग्रामीण देहात की महिलाओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता था परंतु प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने गांवों में घर घर शौचालयों का निर्माण करवाया और उनके जीवन को सुगम बनाया। जब बारिश का समय होता लोग कच्चा घर होने के कारण चौपालों में रहते परंतु प्रधानमन्त्री ने ग्रामीण आवास योजना से हर घर को पक्की छत दी, ये होता है ग्रामीण विकास। सांसद रामचंद्र जांगडा ने ग्रामीणों की अपनी स्वायत व्यवस्था पर भी अपनी बात रखी।

### अफसरों ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

**रोहतक।** लघु सचिवालय में वीरवार को नगराधीश अंकित कुमार की अध्यक्षता में जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल समेत दूसरे प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं। और संबंधित विभागाध्यक्षों को इनका समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे नागरिकों की समस्याओं का जल्द निपटारा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी निर्धारित प्रोफार्मा में रिपोर्ट भिजवाये। समाधान शिविर में डीएमसी, जितेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी व भाजपा के प्रतिनिधियों में एडवोकेट अंकुश बिड्डू एवं सतीश चौधरी मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के अलावा सांपला व महम उपमंडल मुख्यालयों पर भी समाधान शिविर आयोजित किए गए। , जिनमें संबंधित उपमंडलाधीश ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। सांपला उपमंडल में उपमंडलाधीश उत्सव आनंद ने नागरिकों की समस्याएं सुनी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



### सीबीएसई परीक्षा: विद्यार्थी बोले अनसीन पैसेज काफी मुश्किल रहे

**रोहतक।** सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से गुरुवार को 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। जिले में 24 केंद्रों पर अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई जिसमें करीब 7000 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा देकर लौटे विद्यार्थियों ने कहा कि पेपर में लिटरेचर पोर्शन अन्य की अपेक्षा आसान हुआ था जबकि अपठित गद्यांश व पद्यांश काफी बड़े और कठिन थे। 80 अंक के पेपर में किसी ने 75 से अधिक तो किसी ने 70 अधिक अंक आने की उम्मीद जताई। पेपर देकर विद्यार्थियों ने कहा कि पेपर आसान रहा लेकिन अनसीन पैसेज काफी मुश्किल रहे जिनका पेपर में जवाब देने में कठिनाई आई। विद्यार्थियों ने बताया कि अनसीन पैसेज में थोड़ा समय अधिक लग गया था।

# सराय अहमद व मकड़ौली कलां में चलाया तोड़-फोड़ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों/कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वीरवार को गांव सराय अहमद में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में कच्चा रोड़ नेटवर्क तथा गांव मकड़ौली कलां में एक अवैध निर्माण को तोड़ा गया, जो लगभग 5 एकड़ में है। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा।

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले सेक्टर-1 स्थित उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।



रोहतक। जेसीबी से अवैध निर्माण गिराते।

# दो कैंटरों में 102 किलो 390 ग्राम डोडा पोस्त बरामद, तीन युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की एएनसी (एंटी नारकोटिक्स सेल) स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान दो कैंटरों में सवार तीन युवकों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 102 किलो 390 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए तीनों युवक पंजाब के रहने वाले हैं और दो अलग-अलग कैंटरों में सवार होकर अवैध नशीला पदार्थ लेकर जा रहे थे। एएनसी स्टाफ के



प्रभारी पीएसआई मनोज ने बताया कि सब-इंस्पेक्टर संदीप के नेतृत्व में एएनसी स्टाफ की टीम गांव हसनगढ़ बाईपास के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि पंजाब के तीन युवक दो कैंटरों में अवैध नशीला पदार्थ लेकर जम्मू-कटरा हाईवे से होते हुए गांव हसनगढ़ की ओर आने वाले हैं व उन्होंने बताया की तीनों आरोपी पंजाब के रहने वाले है।

### विज्ञान मेले के प्रतिभागी छात्रों को किया सम्मानित

**रोहतक।** विद्यालय में विज्ञान मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रंगकर्मी अविनाश सैनी उपस्थित रहे। उन्होंने विज्ञान मेले में सराहनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अविनाश सैनी ने कहा कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन से जुड़ा हुआ विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने, प्रयोग करने और नई-नई चीज़ों को समझने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे विज्ञान मेले बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## आज जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता को रिपोर्ट सौंपेगी कमेटी

# महम में रेलवे स्टेशन के नजदीक बनेगा नया बस अड्डा, जीएम की अगुवाई में कमेटी ने किया सर्वे

**रोडवेज महाप्रबंधक व वर्कशॉप मैनेजर और अन्य कमेटी सदस्यों ने महम में जमीन के लिए दो जगह देखी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

महम में नया बस स्टैंड बनना प्रस्तावित है। बस स्टैंड की जमीन तलाशने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी रोहतक रोडवेज के महाप्रबंधक संजीव तिहाल के नेतृत्व में बनाई गई है। कमेटी ने वीरवार को महम में बस स्टैंड की जमीन तलाशने के लिए सर्वे किया। रोडवेज महाप्रबंधक संजीव तिहाल और वर्कशॉप मैनेजर सुरेंद्र सिवाच व अन्य कमेटी सदस्यों ने महम में जमीन के लिए दो जगह देखी। जिसमें एक जगह बहलबा रोड पर किशनगढ़ गांव की करीब 7 एकड़ जमीन का निरीक्षण किया गया। उसके बाद रेलवे स्टेशन और बाइपास के समीप चैतन्य स्कूल के सामने किशनगढ़ ग्राम पंचायत की साढ़े चार एकड़ भूमि देखी गई। दोपहर बाद टीम महम पहुंची थी और इस संबंध में कमेटी सदस्यों ने आम जनता के साथ भी संवाद किया।



**नई साइट पर बस स्टैंड प्रस्तावित**

जीएम संजीव तिहाल और वर्कशॉप मैनेजर सुरेंद्र सिवाच शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता सौंपेंगे। हालांकि यह तो समय ही बताएगा कि बस स्टैंड कहां पर बनेगा। लेकिन जिस तरह अधिकारी आपस में बातचीत कर रहे थे, उससे लगता है कि बस स्टैंड रेलवे स्टेशन के नजदीक ही बनाया जाएगा। क्योंकि रेलवे स्टेशन के पास किशनगढ़ ग्राम पंचायत की जो साढ़े चार एकड़ जमीन पर है, वह हाइवे से करीब पांच एकड़ की दूरी पर है।

### किशनगढ़ ग्राम पंचायत की जमीन का भी निरीक्षण

हालांकि टीम ने बेरी रोड पर किशनगढ़ ग्राम पंचायत की उस सात एकड़ जमीन का भी निरीक्षण किया था। यह जमीन भी हाइवे से ज्यादा दूर नहीं है। लेकिन यहां पर बस स्टैंड इसलिए नहीं बनाया जा सकता क्योंकि इस जमीन का फ्रंट काफी तंग है। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन की निकटता को देखते हुए लगता है कि जिला उपायुक्त चैतन्य स्कूल के सामने वाली जमीन को ही बस स्टैंड के लिए मंजूर करेंगे।